झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
सर्कुलर रोड, रांची–834001

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सीधी भर्त्ती एवं विशेष भर्त्ती (विज्ञापन संख्या–10/2015 तथा 11/2015) के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना।

झारखण्ड न्यायिक सेवा सिविल जज (जूनियर डिवीजन) सीधी भर्त्ती विज्ञापन संख्या–**10/2015** हेतु प्राप्त विभागीय अधियाचना एवं माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा वाद संख्या– W.P(PIL) No. 7525/2013 अरुण कुमार सिंह बनाम झारखण्ड राज्य व अन्य के मामले में दिनांक–09.03.2016 को पारित आदेश तत्संबंधी विभागीय पत्रांक–3801 दिनांक–10.05.2016 द्वारा संसूचित क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत दिव्यांग (निःशक्त) कोटि में **01 (एक) पद मंद दृष्टि निःशक्त** तथा **01 (एक) पद आंशिक बधिर (Low Hearing)** के लिए अनुमान्य है।

2. विभागीय संकल्प संख्या–5776 दिनांक–10.10.2002 की कंडिका–3 के अनुसार विज्ञापन संख्या–**10/2015** (सीधी भर्त्ती) में संसूचित 46 पद के विरूद्ध क्षैतिज आरक्षण में **महिलाओं के लिए 2 (दो) पद** तथा विज्ञापन संख्या–**11/2015** (विशेष भर्त्ती) में **महिलाओं के लिए 01 (एक) पद** अनुमान्य है।
3. विभागीय संकल्प संख्या–5776 दिनांक–10.10.2002 की कंडिका–3 के अनुसार विज्ञापन संख्या–**10/2015** (सीधी भर्त्ती) में 46 पद के विरूद्ध **01 (एक) पद खेल कूद** कोटे के लिए क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत अनुमान्य है। पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1709 दिनांक–12.09.2007 में प्रावधानित मापदंडो के अनुसार खेलकूद कोटा के अन्तर्गत आरक्षण अनुमान्य किया जायेगा।
4. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची